प्रेस विज्ञप्ति

11.08.2025

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय ने मेसर्स ल्यूसेंट ड्रग्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत माननीय विशेष पीएमएलए न्यायालय, हैदराबाद के समक्ष अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की है। माननीय न्यायालय ने 06.08.2025 को पीसी का संज्ञान लिया है।

ईडी ने मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी), बेंगलुरु क्षेत्रीय इकाई द्वारा एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की धारा 36ए के तहत दर्ज शिकायत के आधार पर जांच शुरू की, जिसमें मनोप्रभावी पदार्थों के संबंध में उल्लंघन, भारत से उनके अवैध निर्यात, एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत दिए गए आदेशों का उल्लंघन और मेसर्स ल्यूसेंट ड्रग्स प्राइवेट लिमिटेड, इसके प्रबंध निदेशक विनोद जैन, एसोसिएट वाइस-प्रेसिडेंट देवरसेट्टी साई विकास, लॉजिस्टिक्स और सेल्स एक्जीक्यूटिव गंगुला ईश्वर राव और अन्य द्वारा लिए गए विभिन्न निर्यात प्राधिकरणों से संबंधित रिकॉर्ड और दस्तावेजों की जालसाजी शामिल है।

ईडी की जाँच से पता चला है कि मेसर्स ल्यूसेंट ड्रग्स प्राइवेट लिमिटेड, अन्य बातों के अलावा, पाकिस्तान स्थित अपने विदेशी ग्राहकों को ट्रामाडोल के निर्माण और निर्यात का व्यवसाय करती रही है। कंपनी ने शुरुआत में पाकिस्तान को ट्रामाडोल निर्यात करने के लिए केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त किया था। हालाँकि, बाद में, केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने पाकिस्तान को ट्रामाडोल के निर्यात की मंज़ूरी देने से इनकार कर दिया।

पाकिस्तान को ट्रामाडोल के निर्यात पर प्रतिबंध को दरकिनार करने के लिए, आरोपियों ने अपने विदेशी ग्राहक मेसर्स सीएचआर ओलेसन फार्मास्युटिकल्स - एक डेनमार्क स्थित कंपनी - के माध्यम से पाकिस्तान को लगभग 4.12 करोड़ रुपये मूल्य की 13,800 किलोग्राम ट्रामाडोल और मलेशिया स्थित कंपनी मेसर्स एसएम बायोमेड - के माध्यम से पाकिस्तान को लगभग 1.34 करोड़ रुपये मूल्य की 5000 किलोग्राम ट्रामाडोल का अवैध रूप से पुनर्निर्यात किया और निर्यात आय प्राप्त की। पाकिस्तान को ट्रामाडोल के अवैध निर्यात के परिणामस्वरूप, मेसर्स ल्यूसेंट ड्रग्स प्राइवेट लिमिटेड ने अपने बैंक खातों में कुल 5.46 करोड़ रुपये (लगभग) की अपराध आय (पीओसी) अर्जित कर प्राप्त की।

ईडी की जांच से यह भी पता चला कि पीओसी को मेसर्स ल्यूसेंट ड्रग्स प्राइवेट लिमिटेड के व्यापारिक संचालन में शामिल किया गया था और अन्य देशों से वैध बिक्री आय के रूप में उन्हें बेदाग बताया गया था।

ईडी ने इससे पहले मेसर्स ल्यूसेंट ड्रग्स प्राइवेट लिमिटेड की 5.46 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियां जब्त की थीं, जिनमें भवन और फैक्ट्री परिसर भी शामिल थे।